**Regarding various issues pertaining to Sabarkantha Parliamentary Constituency in Gujarat**

**श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया (साबरकांठा) :** आदरणीय सभापति महोदया, धन्यवाद कि आपने मुझे शून्य काल में अपना विषय रखने का मौका दिया ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने हमारे साबरकांठा और अरवल्ली जिलों से गुजरने वाले शामलाजी-चिरोडा नेशनल हाईवे के कार्य को पूर्ण करने के लिए 454 करोड़ रुपए जैसी भारी धनराशि आवंटित की है ।

मैं इसके लिए हृदय से उनका आभार व्यक्त करती हूं । इसी के साथ मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि वर्तमान में यह कार्य बहुत तेजी से चल रहा है, लेकिन मुझे जनता और हिम्मत नगर की नगर पालिका की जनता से अनुरोध प्राप्त हुआ है कि हाईवे नंबर ? 48, जो हिम्मत नगर की नगर पालिका से गुजरता है, उसके कारण पीने के पानी की पाइप लाइन, गटर लाइन और गैस लाइन को बार-बार तोड़ना पड़ता है, जिससे सरकार के पैसों का अपव्यय होता है ।

अत: वर्तमान में जारी इस कार्य के दौरान इन सभी भूमिगत पाइपलाइनों की उचित व्यवस्था की जाए, ऐसी मेरी प्रार्थना है । इसके अतिरिक्त जिले से गुजरने वाले हाईवे पर प्रांतिज तालुका के रसूलपुर गांव का अंडरपास स्वीकृत नहीं हुआ है । इसके कारण आसपास के चार-पांच हजार लोगों एवं किसानों को आवागमन में असुविधा होती है । इसके अलावा हिम्मत नगर तालुका के पिपलोदी और भिलोड़ा तालुका के गडादर कंपा के पास अंडरपास नहीं होने के कारण आम जनता को कठिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है । इसलिए, इन तीनों स्थानों पर अंडरपासेज़ स्वीकृत किए जाएं।

इसके अलावा हाईवे पर स्थित सभी पुलों के आसपास सर्विस-रोड्स बारिश के कारण बारंबर टूट जाती हैं । इसलिए, इसे आरसीसी तकनीक से बनाया जाए, ऐसी मेरी प्रार्थना है । धन्यवाद ।